छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का निकाय स्तर पर दो दिवसीय प्रतियोगिता आरंभ

भिलाईनगर/ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के निकाय स्तर का दो दिवसीय प्रतियोगिता भिलाई विद्यालय सेक्टर 02 के मैदान शुरू हुआ दुर्ग, भिलाई, रिसाली, उतई, पाटन सहित 8 निकाय से लगभग 500 खिलाड़ी पहुंचे हुए है और अलग अलग खेलों में अपने प्रतिभा का हुनर दिखा रहे। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा लेकर उत्साह से पारंपरिक खेलों का लुफ्त उठा रहे है। बच्चे गिल्ली डंडा, पिट्ठुल तो महिलाएं रस्साकशी, लंगड़ी और फुगड़ी में भाग लिए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देकर छिपी हुई खेल प्रतिभा को सामने लाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन 26 जुलाई से प्रारंभ हुआ था, जिसके प्रथम चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर के विजेता खिलाड़ियों को जोन स्तर के प्रतियोगिता में भाग लिए , जोन स्तर के विजेता खिलाड़ियों को खेल के तीसरे चरण में निकाय स्तर का आयोजन शुक्रवार को सेक्टर 02 भिलाई विद्यालय के मैदान में किया जा रहा है। पारंपरिक खेलो में खिलाड़ी पूरे उत्साह से मैदान में दमखम दिखा रहे है , खेल आयोजन को सफल बनाने नोडल अधिकारी डी.के. वर्मा , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , सहायक नोडल अधिकारी अजय शुक्ला , सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू , अनिल मेश्राम, मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी, धीरज साहू, खेल विभाग से पीटीआई और विभिन्न निकायों से पहुंचे कर्मचारी मैदान मंे डटे रहे।

16 खेलों का हो रहा आयोजन – गिल्ली डण्डा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, कंचा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मी दोड़, लम्बीकूद, रस्सीकूद, कुश्ती सहित कुल 16 प्रकार के खेल को छत्तीसगढ़ीया ओलंपिक खेल में शामिल किया गया है, जिसमें प्रतिभागियों को 3 समूह में बांटा गया है, 0 से 18, 18 से 40, 40 से अधिक उम्र के प्रतिभागी खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर हुनर दिखा रहे है।

इन निकायों से शामिल हुए प्रतिभागी – भिलाई निगम, रिसाली निगम, दुर्ग निगम, चरोदा निगम, कुम्हारी पालिका, नगर पंचायत उतई एवं नगर पंचायत पाटन सहित 7 निकास से लगभग 500 से अधिक खिलाड़ी पारंपरिक खेलों में विजेता बनने मैदान में जुटे रहे।